2. प्रमोद थका सा सोफे पर बैठ जाता है | अंदर से कमला आती है | चाँद से सुन्दर मुखड़े पर उदासी की घटा है | हाथों में लाल चूड़ियाँ हैं | रेशमी साड़ी ब्लाउज पहने है | प्रमोद के पास जाकर चुपचाप खड़ी हो जाती है – सिर नीचा किये |

a. प्रमोद कमला का कौन है और वह उसके घर क्यों आया है ?

उत्तर – प्रमोद कमला का भाई है और वह कमला को शादी के बाद पहली बार विदा कराने उसके ससुराल आया है |

b. प्रमोद थका हुआ क्यों है ?

उत्तर – कमला के ससुर जीवनलाल से बहुत देर हुई बहस और बातचीत के कारण प्रमोद थका हुआ है | वह अपनी बहन को लेने

आया है तथा उसकी बहन के ससुर दहेज़ के लालच में उसे विदा नहीं कर रहे इसलिए उसके भीतर का उत्साह मर गया है और वह उदास हो गया है |

c. कमला के मुख पर उदासी की घटा क्यों छाई है ?

उत्तर – कमला के मुख पर उदासी की घटा इसलिए छाई है क्योंकि उसके ससुर दहेज़ के लालच में उसे विदा नहीं कर रहे और उसके भाई तथा मायके वालों को भला बुरा कह रहे हैं | उनपर ठीक से शादी न करने का आरोप लगा रहे हैं जबकि कमला के मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार अच्छा विवाह किया है और दहेज़ भी दिया है |

d. पाठ के आधार पर बताइए कि कमला के ससुर ने प्रमोद से कितने पैसों की माँग की है ?

उत्तर – कमला के ससुर ने प्रमोद से पाँच हज़ार रुपयों की माँग की है क्योंकि उन्हें लगता है कि प्रमोद और उसके घरवालों ने कमला और रमेश की शादी में पूरा दहेज़ नहीं दिया | इसलिए वे चाहते हैं कि बचे हुए पाँच हज़ार रूपए देकर ही प्रमोद कमला को विदा कराके ले जाए |